बिहार सरकार

जल संसाधन विभाग

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
सिंचाई प्रमण्डल, नवादा।
email:- ee.wrd.nawada@gmail.com

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–05/2026–27
(केवल ई–टेन्डर पद्वति के अनुसार वेबसाईट **www.eproc2.bihar.gov.in** पर)

1. कार्य का विवरण :–

क्रम संख्या	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख रू0 में)	अग्रधन की राशि (रू0 में)	परिमाण – विपत्र का मूल्य (अप्रत्यर्पणीय) (केवल ऑन लाईन मोड में) (रू0 में)	बेल्ट्रॉन को देय बिड प्रोसेसिंग फी (अप्रत्यर्पणीय) (केवल ऑन लाईन मोड में) (रू0 में)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	कोरिहारी सिंचाई योजना अंतर्गत विभिन्न नहर संरचनाओं के निर्माण, पुनर्निर्माण एवं आवश्यक मरम्मति कार्य।	**24.99874**	**50000.00**	**5000.00**	**1180.00**	03 (तीन) माह

2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत करने की तिथि :– दिनांक 03.11.2026
3. निविदा कागजात डाउनलोड एवं अपलोड करने की तिथि :– दिनांक 11.11.2026 से दिनांक 18.11.2026 के 3:00 बजे अपराहन तक। (सिर्फ वेबसाईट **www.eproc2.bihar.gov.in** पर)
4 तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 18.11.2026 के 3:30 बजे अपराहन । (सिर्फ वेबसाईट **www.eproc2.bihar.gov.in** पर)
5. वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय :– सक्षम पदाधिकारी द्वारा बाद में घोषित की जायगी। (सिर्फ वेबसाईट **www.eproc2.bihar.gov.in** पर)
6. निविदा खोलने का स्थान :– **www.eproc2.bihar.gov.in** पर
7. निविदा की वैधता की अवधि :– 120 दिन
8. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, सिंचाई प्रमंडल, नवादा।
9. विशेष जानकारी प्राप्त करने हेतु वेबसाईट **www.eproc2.bihar.gov.in** पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
सिंचाई प्रमंडल, नवादा।
मो0 नं0 – 7463889331

10. e-Tendering की प्रक्रिया में भाग लेने हेतु संवेदकों को पंजीकृत होना होगा जिसमें उन्हें उपयोगकर्ता का नाम (User ID & Password) अंकित हस्ताक्षर (Digital Signature) प्राप्त होगा। यह उन्हें वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in से डाउनलोड करने/e-Tendering की प्रक्रिया में भाग लेने की योग्यता प्रदान करेगा।
11. ई–निविदा मात्र वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर डाउनलोड एवं अपलोड किया जा सकता है।
12. **(क)** e-Tendering/e-Procurement प्रणाली के तहत निविदा हेतु बिड प्रोसेसिंग शुल्क एवं परिमाण विपत्र का मूल्य (जो लौटाया नहीं जायेगा), का भुगतान Online mode (e-Payment Mode) यानी Internet Payment Gateway (Credit/Debit Card), Net Banking, NEFT/RTGS द्वारा किया जाना अनिवार्य है।

(ख) e-Tendering/e-Procurement प्रणाली के तहत निविदा में अग्रधन के रूप में जमा की जाने वाली राशि Online mode (e-Payment Mode) अथवा Physical mode/Manual Payment System में स्वीकार्य होगा।

Online mode के तहत अग्रधन की राशि Internet Payment Gateway (Credit/Debit Card), Net Banking, NEFT/RTGS के माध्यम से जमा किया जा सकता है।

(ग) "Bids along with Necessary Online Payments must be submitted through e-Procurement portal www.eproc2.bihar.gov.in before the date & time specified in the NIT. The Department doesn't take any responsibility for the delay/Non Submission of Tender/Non Reconciliation of online Payment caused due to Non -availability of Internet Connection, Network Traffic/Holidays or any other reason."

(घ) "BSEDC Processing Fee and Tender Fee/BOQ Fee has to be paid through e-Payment mode only. EMD may be paid either through online or offline mode".

पथ निर्माण विभाग के पत्रांक – 7/नियम–01–02/2023–163/(ई०) दिनांक 10.01.2024 एवं विभागीय पत्रांक 88 दिनांक 29.01.2024 के अनुसार।

i. निविदा से संबंधित सभी कागजात केवल ऑनलाईन के माध्यम से स्वीकार किये जाएगें। निविदा में भाग लेने हेतु किसी भी कागजात की हार्डकॉपी जमा करना आवश्यक नहीं होगा।
ii. अग्रधन की राशि ऑनलाईन पेमेंट या बैंक गारन्टी के द्वारा स्वीकार किया जायेगा। निविदा में सफल निविदाकार को आवश्यक कागजात जैसे सभी शपथ पत्र मूल में बैंक गारन्टी मूल में एकरारनामा के पूर्व जमा करना अनिवार्य होगा।

बिना शर्त वाली बैंक गारंटी (बिहार अवस्थित किसी राष्ट्रीयकृत बैंक/अनुसुचित बैंक से निर्गत हो तथा कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, नवादा के पक्ष में निर्गत हो) मात्र स्वीकार किया जाएगा (केवल **EMD** अग्रधन के मामले में) ।

13. किसी भी प्रकार का शुद्धि–पत्र को वेबसाईट पर प्रकाशित किया जायेगा। अधोहस्ताक्षरी को बिना पूर्व सूचना के एवं बिना कारण बताए निविदा रद्द/विस्तारित करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
14. e-Tendering/e-Procurement प्रणाली के तहत संवेदक परिमाण विपत्र सिर्फ वेबसाईट से प्राप्त करने के उपरान्त वेबसाईट पर हीं इलेक्ट्रोनिक निविदा पत्र को भर कर अपलोड करेंगे। अन्य सभी महत्वपूर्ण/वाँछित कागजात बैंक ड्रफ्ट/अग्रधन की राशि/सभी प्रमाण पत्र जो निविदा के लिए आवश्यक है को स्कैन कर ई–निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
15 संवेदक स्कैन कर कागजातों को अपलोड करने के पूर्व सूचीबद्ध करते हुए क्रमांक अंकित करेंगे, ताकि किसी खास कागजात को क्रमांक संख्या/पृष्ट संख्या के आधार पर शीध्र खोजा जा सके। सभी प्रलेख Pdf, MS Office (Compatibility Mode), JPEG, ZIP Format में हीं Upload किये जाय, अन्य Format में Upload Documents के Download/Open नहीं होने पर कोई दावा मान्य नहीं होगा।

16. संवेदक स्कैन कर अपलोड किये गये कागजातों की Download Ability/Visibility से पूर्ण रूपेण संतुष्ट हो लेंगे।
17. इन्टरनेट सेवा में किसी प्रकार की त्रुटि होने के संबंध का कोई भी दावा मान्य नहीं होगा। अतः संवेदकों को चाहिए कि अंतिम समय के पूर्व हीं कठिनाईयों से बचने हेतु बीड को अपलोड कर लें।

18. पथ निर्माण विभाग, बिहार द्वारा निर्गत अधिसूचना का ज्ञापांक 7461(S) दिनांक 13.10.2026 द्वारा निर्गत पथ निर्माण विभाग, बिहार का पत्रांक 2046(S) दिनांक 06.03.2014 द्वारा निरूपित प्रतिशत दर निविदा में न्युनतम दर सीमा 10 प्रतिशत को पुनः बहाल किया गया है। परिमाण विपत्र से 10 प्रतिशत से ज्यादा कम दर उद्धृत रहने वाले निविदायें अमान्य मानी जायेगी।

    परिमाण विपत्र के दर से नीचे निविदित दर दिये जाने की स्थिति में अतिरिक्त कार्य प्रतिभू **(Additional Performance Guarantee)** निम्नांकित प्रावधान किया जाता हैः–

    (1) परिमाण विपत्र की दर से 0 से 5 प्रतिशत कम उद्धृत दर वाले निविदा के लिए 0.25 प्रतिशत अतिरिक्त कार्य प्रतिभू **(Additional Performance Guarantee)** प्रति 01 प्रतिशत उद्धृत दर के लिए ली जायेगी।

    (2) परिमाण विपत्र की दर से 5 से 10 प्रतिशत कम उद्धृत दर वाले निविदा के लिए 0.5 प्रतिशत कार्य प्रतिभू **(Additional Performance Guarantee)** प्रति 01 प्रतिशत उद्धृत दर के लिए ली जायेगी।

19. संवेदक के विपत्र से 01% (एक प्रतिशत) सेस **(Cess)** की राशि भवन एवं सन्निमार्ग कर्मकार कल्याण बोर्ड मद हेतु कटौती की जायेगी तथा **GST** एवं मालिकाना फीस/रॉयल्टी इत्यादि अन्य वैधानिक करों की कटौतियाँ नियमानुकूल की जाएगी।

20. विशेष जानकारी हेतु अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्य अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है। ई–टेन्डरिंग की प्रक्रिया से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी/सूचना हेतु ई–टेन्डरिंग सेल, कम्प्यूटर सेल सिंचाई भवन पटना(0612–2235241)टॉल फ्री नं0–18005726571,7605084942 अथवा ई–मेल **eproc2support@bihar.gov.in** पर सम्पर्क किया जा सकता है।

21. निविदित दर, **Serious unbalanced rate** होने कि स्थिति में **Additional Performance Guarantee** पथ निर्माण विभाग, बिहार का अधिसूचना संख्या–447(S) सह पठित ज्ञापांक–448(S) दिनांक–16. 01.2020 के अनुसार जमा करना होगा।

22. कार्य की प्राक्कलित राशि एवं मात्रा में घटोतरी एवं बढोतरी हो सकती है। तदनुसार ही अग्रधन की देयराशि संशोधित समझी जायेगी।

23. सशर्त निविदा मान्य नहीं होगा।

24. तकनीकी बीड में कई सफल निविदा दाताओं का समान न्यूनतम निविदित दर की स्थिति में सफल निविदा दाताओं का चयन बिहार लोक निर्माण लोक संहिता के अनुरूप लॉटरी के माध्यम से किया जायेगा।

25. किसी भी विभाग में **Debar/Black listed** किये गये संवेदक का न्यूनतम दर रहने पर भी उनके निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

26. निविदा में बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली द्वारा निर्गत अधिसूचना के प्रावधानों के अनुसार समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक ही भाग ले सकेंगे। पथ निर्माण विभाग, पटना, बिहार सरकार अधिसूचना संख्या–

13589(S), के दिनांक 13.12.2011 के कंडिका (4) उपकंडिका (च) में निहित प्रावधान के अनुसार रूपया 25,00,000/– (रू0 पचीस लाख) तक के निविदा में श्रेणी–04 में निबंधित संवेदक ही भाग ले सकेंगे।

27. निविदादाता को निम्नलिखित अभिलेखों की स्व–अभिप्रमाणित प्रति ई–निविदा हेतु मात्र वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर अपलोड करना आवश्यक होगा

i) अद्यतन निबंधन प्रमाण–पत्र।
पैन कार्ड की प्रति।

ii) जी०एस०टी० प्रमाण–पत्र की प्रति।

iii) आरक्षी अधीक्षक से निर्गत वैध चरित्र प्रमाण–पत्र की प्रति ।

iv) निम्न आशय का शपथ–पत्र (Affidavit) (निविदा निर्गत करने की तिथि के बाद का निर्गत) अपलोड करना अनिवार्य है, जो इस प्रकार का है:–

" I, the undersigned, do hereby certify that all the statements made in the required attachments are true and correct, and if found fake/forged, the undersigned will be liable for infliction upon the F.I.R. and lawful punishment as well as blacklisting."

28. कार्य का एकरारनामा फॉर्म F2 पर होगा, जिसका कण्डिका 23 विलोपित समझा जाय।

29. संवेदक को आवंटित कार्य से संबंधित आवश्यकतानुसार सभी यंत्र/संयंत्रों/गुणनियंत्रण उपकरणों की व्यवस्था स्वयं करनी होगी। निर्माण सामग्री यथा सिमेंट, लोहे की आपूर्ति विभाग द्वारा नहीं की जाएगी, परंतु मानक के आधार पर निर्धारित मात्रा अपेक्षित तथा सामग्री/उपकरणों की आपूर्ति हेतु किसी प्रकार का अग्रिम देय नहीं होगा।

30. निविदा की अन्य विशेष शर्तें परिमाण विपत्र के साथ संलग्न होगी जो निविदाकारों को मान्य होगा। अन्य सभी शर्तें लोक निर्माण संहिता द्वारा निर्गत नियमों के अनुरूप होगी।

31. यह निविदा आमंत्रण सूचना एवं परिमाण विपत्र के साथ निर्गत विशेष शर्त भी एकरारनामा का अंग होगा।

32. बिहार सरकार/जल संसाधन विभाग, बिहार द्वारा समय–समय पर निर्गत अधिसूचना/आदेश निविदा के शर्तो के लिए मान्य होगा।

33. संवेदकों को अपने विपत्रों के साथ कार्य में व्यवहृत लघु खनिजों के वैधानिक स्रोतों से क्रय के समर्थन में ई–चालान (मूल में) समर्पित करना होगा।

34. जल संसाधन विभाग द्वारा निर्गत अद्यतन परिपत्रों/पत्रों में निहित प्रावधानों के आलोक में निविदा निस्तार किया जाएगा।

35. निविदा डालने के पूर्व संवेदक स्थल निरीक्षण कर लें। बाद में किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।

36. विभाग से आवंटन उपलब्ध रहने पर ही कराये गये कार्यो का भुगतान किया जायेगा।

37. कार्य आवंटित होने पर निर्धारित अवधि तक एकरारनामा नहीं किये जाने की स्थिति में नियमानुसार विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए अग्रधन की राशि जब्त कर ली जाएगी।

38. किसी भी प्रकार के Dispute/Arbitration संबंधी मामलों (Settlement of Disputes Arbitration) का निबटारा विभागीय पत्रांक 633 दिनांक 05.09.2019 का अनुपालन बाध्यकारी होगा।

39. बिना कारण बताए निविदा आमंत्रण सूचना में प्रकाशित किसी एक या एक से अधिक कार्यों को अथवा सभी कार्यो को अस्वीकृत करने/रद्द करने/विस्तारित करने/संशोधित करने करने का अधिकार सक्षम पदाधिकारी के पास सुरक्षित है।

40. निविदा प्राप्ति की तिथि को राजपत्रित अवकाश घोषित होनें पर निविदा अगले कार्य दिवस को प्राप्त की एवं खोली जाएगी।

41. विस्तृत जानकारी हेतु कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, नवादा कार्यालय कार्य अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है तथा वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर भी देखा जा सकता है।
42. निविदाता को निविदा डालने के पूर्व **Call Before U DIG App (CBUD) App Download and Logging** करना अनिवार्य है।
43. संवेदक के विपत्र से नियमानुसार खान एवं भूतत्व विभाग, बिहार पटना के पत्रांक 2961 दिनांक 06.05.2026 के अलोक में रॉयल्टी (**Royality**) की कटौती की जायेगी। इसके आलावा मालिकाना फीस (**Seigniorage fee**) की कटौती की जायेगी।
44. खान एवं भूतत्व विभाग, पटना का पत्रांक 4352 दिनांक 30.08.2022 पत्रांक 4587 दिनांक 11.09.2023 ज्ञापांक–4418/एम०, पटना दिनांक 19.10.2024, पत्रांक 3972 दिनांक 23.06.2026 एवं वाणिज्य कर विभाग पटना का पत्रांक 3265 दिनांक 01.12.2022 का अनुपालन अनिवार्य होगा।
45. निविदादाता का **GST Return File** अद्यतन होना अनिवार्य है।
46. कार्य में प्रयुक्त सामग्रियों के रॉयलटी एवं मालिकाना फीस के संबंध में जल संसाधन विभाग, बिहार सरकार एवं खान एवं भूतत्व विभाग, बिहार सरकार से समय समय पर निर्गत पत्र प्रभावी होगा।
47. संवेदक द्वारा मान्य ई–मेल आई०, मोबाईल नं० एवं टेलिफोन नं० अलग से पेपर में लिखकर निविदा के साथ अपलोड करेगें।
48. मजदूरी अनुज्ञप्ति (**Labour Lisence**) के आलोक में श्रम संसाधन विभाग का पत्रांक 881 दिनांक 08.03.2016 का अनुपालन अनिवार्य होगा।
49. यह निविदा आमंत्रण सूचना निविदा अभिलेख का एक अंश होगा। कार्य आवंटन आदेश निर्गत होने के उपरान्त सफल निविदादाता को निर्धारित अवधि में वांछित प्रारम्भिक प्रतिभूति समर्पित कर एकरारनामा अनुबद्ध करना आवश्यक होगा।
50. ₹25.00 लाख से अधिक और ₹50.00 करोड़ तक के अनुमानित लागत मूल्य (**Estimated Cost Value**) वाली निविदाओं (**Bids**) का निर्णय पथ निर्माण विभाग (**RCD**) के पत्र संख्या 3103 (**S**), दिनांक 06.05.2026 के अनुसार किया जाएगा।
51. इस निविदा का प्रकाशन विभागीय पत्रांक 2385 दिनांक 12.10.2026 के द्वारा प्राप्त गो–अहेड के आलोक में किया गया है एवं निविदा का निष्पादन प्रशासनिक एवं व्यय की स्वीकृति के पश्चात किया जायेगा।

कार्यपालक अभियन्ता,
सिंचाई प्रमंडल, नवादा
मो0 नं0–**7463889331**

पत्रांक–..... / नवादा, दिनांक–.....

प्रतिलिपि :– सूचना एवं जन–सम्पर्क पदाधिकारी, जल संसाधन विभाग, बिहार पटना को विभागीय वेबसाईट पर

प्रचारित (upload) करने हेतु एवं विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु हार्ड कॉपी एवं सॉफ्ट कॉपी के साथ समर्पित।

अनु०–यथावत्

कार्यपालक अभियन्ता,
सिंचाई प्रमंडल, नवादा
मो0 नं0–**7463889331**

पत्रांक–..... / नवादा, दिनांक–.....

प्रतिलिपि :– अधीक्षण अभियंता, सिंचाई अंचल, नवादा/मुख्य अभियंता, सिचाई सृजन जल संसाधन विभाग, बिहारशरीफ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

कार्यपालक अभियन्ता,
सिंचाई प्रमंडल, नवादा
मो0 नं0–**7463889331**